


# Important Current Affairs 11th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 11th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 11th October 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 11th October 2017 in Hindi

1. **वीजा ने किया आंध्र प्रदेश के साथ अनुबंध**
    - आंध्र प्रदेश सरकार और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान कंपनी, वीजा ने 'विशाखापत्तनम डिजिटल धन संकल्प परियोजना' के लिए एक समझौता किया|
    - यह परियोजना, विशाखापत्तनम को भारत के पहले 'कम नकद' वाले शहर के रूप में विकसित करने के लिए एक पहल है|
    - वीजा के सहयोग से, शैक्षिक संस्थानों, छोटे और लघु व्यापारियों और सड़क बाजार विक्रेताओं को डिजिटल भुगतान में सक्षम करने के लिए प्रयास किए जाएंगे|
2. **स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने खोला आना GBS केंद्र**
    - स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने बेंगलुरु में अपना ग्लोबल बिजनेस सर्विसेज (GBS) केंद्र खोला, जो चीन, भारत और मलेशिया में मौजूदा GBS केंद्रों का पूरक है|





IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- GBS, बेंगलुरु में स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कॉर्पोरेट और संस्थागत बैंकिंग ग्राहकों के लिए समर्थन, ग्राहक तत्परता और सलाहकार सेवाएं प्रदान करेगा|
- इसकी स्थापना, 1969 में की गयी थी और इसका मुख्यालय लंदन, ब्रिटेन में स्थित है|

3. **डाकघरों में स्थापित होंगी आधार इकाइयाँ**
    - केंद्र सरकार ने डाकघरों में आधार केंद्र स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है|
    - यह, आधार नामांकन में जानकारी संग्रह प्रक्रिया से निजी ठेकेदारों को धीरे-धीरे बाहर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है|
    - इस निर्णय का कारण, सरकार को नीजी विक्रेताओं के खिलाफ मिली छोटे-छोटे भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की कई शिकायतें हैं|
4. **चीन-भारत संबंधों के अवलोकन के लिए पैनल**
    - एक संसदीय समिति ने सीमा-स्थिति सहित चीन-भारतीय संबंधों के पूरे सूत्र की जांच करने का निर्णय लिया है|
    - दो एशियाई शक्तियों के बीच संबंधों की जांच करने वाली विदेश मामलों की स्थायी समिति का नेतृत्व शशी थरूर करेंगे|
    - समिति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत और चीन के बीच "सहयोग" के मुद्दे पर विस्तृत रूप से जांच करेगी|
5. **क्रिकेटरों के लिए अनिवार्य 'यो-यो' परीक्षण**
    - BCCI के अनुसार, हर क्रिकेटर को अब भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा निर्धारित 'यो-यो' परीक्षा देनी होगी|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017 COMBO PACK
120 TOTAL TESTS ₹787/-
testbook

- ‘यो-यो’ परीक्षा में, खिलाड़ियों को 20 मीटर की दूरी पर रखी शंकु की दो पंक्तियों के बीच दौड़ लगानी पड़ती है| प्रत्येक दौर में खिलाड़ी को अपनी दौड़ को बीप के साथ पूरा करना होता है|
- चयन निकायों द्वारा हॉकी, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों में, इस परीक्षण का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है|

6. **नाबार्ड ने खरीदी सिडबी में 7% अधिक हिस्सेदारी**
    - राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने IDBI से लघु उद्योग विकास बैंक की अतिरिक्त 7% हिस्सेदारी 900 करोड़ रुपये में खरीदी|
    - यह शीर्ष ग्रामीण वित्तीय संस्थान द्वारा, अभी तक का सबसे बड़ा निवेश है और सिडबी में इसकी कुल हिस्सेदारी को 10% तक बढ़ाता है|
    - केंद्रीय बैंक ने, IDBI का वित्तीय अनुपात खराब होने के कारण, मई में बैंक के परिचालन को प्रतिबंधित कर दिया था|
7. **वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना**
    - रोगियों की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को आसानी से उपलब्ध कराने के लक्ष्य से हिमाचल प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना को क्रियान्वित किया|
    - यह योजना सभी मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड धारकों को 30,000 रुपये प्रति वरिष्ठ नागरिक का टॉप-अप कवरेज प्रदान करेगी|
    - यह ट्रस्ट और सोसाइटी मोड में 30,000 रुपये के बुनियादी कवरेज के अतिरिक्त होगा|
8. **पेप्सिको इंडिया के अध्यक्ष और CEO का इस्तीफा**
    - पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डी. शिवकुमार ने इस्तीफा दे दिया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- वे आदित्य बिरला समूह में अध्यक्ष (कॉर्पोरेट रणनीति और व्यवसाय विकास) के तौर पर शामिल हो जाएंगे|
- वर्तमान में पेप्सिको मिस्र और जॉर्डन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक, अहमद अल शेख, शिवकुमार की जगह लेंगे|

9. **फेसबुक इंडिया के MD उमंग बेदी का इस्तीफा**
   - फेसबुक में इंडिया MD के तौर पर शामिल होने के एक वर्ष बाद, उमंग बेदी ने सोशल नेटवर्किंग प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है|
   - संदीप भूषण को अंतरिम प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है|
   - फेसबुक ने उमंग बेदी को एडोब से भारत के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया था| फेसबुक में शामिल होने से पहले, उमंग ने एडोब के दक्षिण एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया था|

10. **IIT खड़गपुर और सैमसंग के बीच समझौता**
    - अपने परिसर में एक डिजिटल अकादमी को स्थापित करने के लिए, IIT-खड़गपुर ने सैमसंग इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए|
    - संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में सैमसंग इनोवेशन लैब बनेगी और इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स (IoT) पर छात्रों को प्रशिक्षित किया जायेगा|
    - सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के उपाध्यक्ष और CEO, डॉ. ओह-ह्यून क्वोन हैं|

11. **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस: 10 अक्टूबर**
    - दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को संगठित करने के समग्र उद्देश्य के साथ हर वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2017 की विषयवस्तु 'कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य' है|
- हर वर्ष 10 अक्टूबर, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है|

12. **अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस**

- 2012 में, 11 अक्टूबर को बालिकाओं के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित किया गया था|
- इसका लक्ष्य, बालिकाओं के सशक्तिकरण के साथ मानवाधिकारों की पूर्ति और महिलाओं की जरूरतों को उजागर और संबोधित करना है|
- इस वर्ष की विषयवस्तु "द पॉवर ऑफ़ एडोलसेंट गर्ल: 2030 के लिए विज़न" है|

13. **IMF ने भारत के विकास दर को घटा कर 6.7% किया**

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान में कटौती की है|
- नवीनतम 'वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक' में IMF ने वर्ष 2017 के भारत के विकास पूर्वानुमान को 7.2% से घटाकर 6.7% कर दिया|
- IMF के अनुसार, भारत अगले वर्ष 7.4% की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढती प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्ज़ा फिर से प्राप्त कर लेगा|

14. **शिक्षा में कौशल विकास कार्यक्रम**

- राजस्थान, उच्च शिक्षा में कौशल विकास कार्यक्रम को शामिल करने वाला देश का पहला राज्य बन गया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- इस संबंध में, इग्नू ने राज्य के शिक्षा विभाग के सहयोग से उद्यमशीलता और कौशल विकास के लिए 16 पाठ्यक्रम तैयार किए हैं|
- परियोजना के तहत, 12 प्रमाण पत्र और 4 डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे और प्रत्येक कॉलेज को पांच पाठ्यक्रमों का चयन करना होगा|

15. **सरकार ने लगाई एंटी डंपिंग ड्यूटी**

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने चीन से पांच वर्षों तक कुछ स्टील वायर रॉड्स के आयात पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है|
- ऐसा सस्ते इन-शिपमेंट्स से घरेलू व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए किया गया है|
- एंटी डंपिंग उपाय, निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने और घरेलू उद्योग के लिए व्यापर-स्तर क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए अपनाये जाते हैं|

16. **जगदीश मुखी होंगे असम के राज्यपाल**

- जगदीश मुखी ने असम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली| गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अजीत सिंह ने उन्हें पद की शपथ दिलाई|
- इसके पहले, मुखी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लेफ्टिनेंट गवर्नर रह चुके हैं|
- वे बनवारीलाल पुरोहित की जगह लेंगे, जो अब तमिलनाडु के राज्यपाल होंगे|

17. **अपनी पहली बैठक आयोजित करेगा EAC-PM**

- प्रधान मंत्री के नए गठित आर्थिक सलाहकार परिषद की पहली बैठक 11 अक्टूबर को नीति आयोग में आयोजित की जाएगी|
- परिषद को 26 सितंबर 2017 को प्रधान मंत्री के अनुमोदन से स्थापित किया गया और इसमें प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ शामिल हैं|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- यह परिषद्, आकस्मिक महत्व के सभी मुद्दों को संबोधित करेगा, हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम के साथ संलग्न होगा और तदनुसार सलाह तैयार करेगा|

18. **भारतीय रेलवे की सहायता करेगा जर्मनी**
    - भारत और जर्मनी के रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के मौजूदा 643 किलोमीटर चेन्नई-काज़िपेट कॉरिडोर पर व्यवहार्यता अध्ययन शुरू करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए|
    - जर्मन रेलवे, देश के मौजूदा रेल कॉरिडोर को सेमी हाई स्पीड बनाने में भारतीय रेलवे की सहायता करेगा|
    - सेमी हाई स्पीड ट्रेनें, 200 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलेंगी|

19. **NIA मुख्यालय का उद्घाटन**
    - 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद 2009 में स्थापित, भारत की संघीय आतंकवाद विरोधी जांच एजेंसी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के नए मुख्यालय का दिल्ली में उद्घाटन हुआ|
    - राजनाथ सिंह ने CGO कॉम्प्लेक्स, दिल्ली में नए कार्यालय का उद्घाटन किया|
    - राष्ट्रीय जांच एजेंसी, केंद्रीय आतंकवाद जांच एजेंसी है जो 31 दिसंबर 2008 को अस्तित्व में आई थी|

20. **लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार**
    - राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने डॉ. बिंदेश्वर पाठक को वर्ष 2017 में लोक प्रशासन, शिक्षा और प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार प्रस्तुत किया|
    - 1991 में डा. बिंदेश्वर को पद्म भूषण भी दिया गया था|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play




- लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार, लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली द्वारा स्थापित एक वार्षिक प्रतिष्ठित पुरस्कार है|

## Attempt Current Affair Quiz for 11th October 2017



